हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 21 अप्रैल 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 41.0 डिग्री

न्यूनतम 25. 0 डिग्री

रेत घाटों का अधिकारियों की टीम ने किया निरीक्षण

2



## पीड़ित परिवार के घर चेक लेकर पहुंच रहे प्रबंधन के अधिकारी

# वेदांता हादसा : मृतकों के परिजन को 35-35 लाख मुआवजा भुगतान शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती-डभरा

सक्ती जिले के सिंघीतराई स्थित वेदांता पावर प्लांट में बायलर हादसे में मृतकों के परिजनों को प्रबंधन द्वारा की गई घोषणा के अनुरुप 35-35 लाख रुपए का मुआवजा भुगतान किया जा रहा है। खास बात यह है कि कंपनी प्रबंधन के अधिकारी छत्तीसगढ़ समेत दिगर प्रांत के जान गंवाने वाले श्रमिकों के घर में जाकर चेक के माध्यम से मुआवजा भुगतान कर रहे है।

गौरतलब है कि बीते 14 अप्रैल को सक्ती जिले के सिंघीतराई स्थित वेदांता पावर प्लांट में भीषण बायलर हादसा हुआ था। बायलर पाइप फटने की घटना में मृतकों की संख्या दो दर्जन जा पहुंची है, जबकि आधा दर्जन से अधिक श्रमिक खरसिया, रायगढ़, बिलासपुर और रायपुर के अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे है। इनमें से कईयों की हालत गंभीर बताई जा रही है। इधर इस भीषण हादसे में जान गंवाने वाले मृतक के परिजनों को प्रबंधन द्वारा 35-35 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की गई है। इसके तहत छत्तीसगढ़ के प्रभावित परिवारों को कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा मुआवजा दिया जा रहा है। प्रबंधन के अधिकारियों ने बताया कि उद्धव सिंह यादव एनजीएसएल एचईएमएस में कार्यरत थे। हादसे में उधव सिंह यादव की जान चली गई। इस पर 35 लाख रुपये की पूरी मुआवजा राशि का डिमांड ड्राफ्ट उनकी पत्नी सावित्री यादव को सौंपा गया। इसी प्रकार ठंडा राम लहरे एनजीएसएल (एचईएमएस) में कार्यरत थे और छत्तीसगढ़ के निवासी थे। 35 लाख रुपये की पूरी मुआवजा राशि का डिमांड ड्राफ्ट उनके परिवार को सौंपा गया। अमृत लाल पटेल (एनजीएसएल एचईएमएस) में कार्यरत थे और छत्तीसगढ़ के निवासी थे। 35 लाख रुपये की पूरी मुआवजा राशि का डिमांड ड्राफ्ट उनकी पत्नी को सौंपा गया।





### औद्योगिक दुर्घटना के संबंध में मांगे साक्ष्य एवं दस्तावेज

संभागायुक्त कार्यालय बिलासपुर द्वारा सक्ती जिला के डभरा तहसील के ग्राम सिंघीतराई स्थित वेदांता पावर लिमिटेड, सिंघीतराई में हुई औद्योगिक दुर्घटना के संबंध में साक्ष्य एवं दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए 29 अप्रैल को अवसर प्रदान किया गया है । इच्छुक व्यक्ति या संस्था उक्त तिथि को बिलासपुर स्थित संभागीय आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक उपस्थित होकर साक्ष्य और तथ्य प्रस्तुत कर सकते हैं। कार्यालय आयुक्त, बिलासपुर संभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार उक्त दुर्घटना 14 अप्रैल को प्लांट की बॉयलर यूनिट-1 में स्टीम पाइप की वाटर सप्लाई लाइन के जॉइंट में तकनीकी खराबी के कारण हुई थी, जिसमें 34 श्रमिक प्रभावित हुए। घटना की गंभीरता को देखते हुए राज्य शासन द्वारा आयुक्त, बिलासपुर संभाग को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। निर्धारित तिथि को आयोजित सुनवाई के दौरान कोई भी संबंधित व्यक्ति, संस्था अथवा पक्ष यदि घटना से जुड़े तथ्य, साक्ष्य या दस्तावेज प्रस्तुत करना चाहता है, तो वह उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकता है। जांच अधिकारी सह संभागीय आयुक्त ने सभी संबंधितों से अपील की है कि वे जांच प्रक्रिया में सहयोग करते हुए उपलब्ध साक्ष्य प्रस्तुत करें, जिससे घटना की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच सुनिश्चित की जा सके।

### फारेंसिक टीम पहुंची जांच में, घटना स्थल का किया निरीक्षण



वेदांता पावर प्लांट हादसे में प्रबंधन के अधिकारियों के खिलाफ अपराध दर्ज करने के साथ ही पुलिस टीम जांच पड़ताल कर रही है। मामले की तकनीकी जांच के लिए एडिशनल एसपी के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त टीम गठित किया है। इसके अलावा फॉरेंसिक जांच के भी निर्देश दिए गए है। इसी कड़ी में सोमवार 20 अप्रैल को बिलासपुर और सक्ती जिले के फारेंसिक अफसरों की संयुक्त टीम वेदांता पावर प्लांट सिंघीतराई पहुंची। दोपहर करीब 12 बजे पहुंची टीम के सदस्यों ने घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। टीम तकरीबन 3 घंटे तक प्लांट परिसर में रही। इस दौरान उन्होंने संबंधित स्थलों की जांच की।



सड़क पर चक्काजाम करते ग्रामीण।

## धार्मिक भावना आहत होने पर भड़का जनआक्रोश, किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

टेंपल सिटी से लगे ग्राम तुस्मा में धार्मिक भावना आहत होने को लेकर जनआक्रोश भड़क उठा। दरअसल यहां असामाजिक तत्वों ने आस्था के प्रमुख केन्द्र हनुमान जी के मंदिर में प्रतिमा को खंडित कर दिया। इससे नाराज ग्रामीण कार्रवाई की मांग को लेकर सड़क पर उतर आए। बाद में अधिकारियों की समझाईश और कार्रवाई के आश्वासन पर चक्काजाम समाप्त हुआ।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शिवरीनारायण थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत तुस्मा-दूरपा केरा रोड मुख्य मार्ग पर स्थित हनुमान जी के मंदिर में आसामाजिक तत्वों ने बीती रात काफी उत्पात मचाया। ग्रामीणों के मुताबिक वे जब सुबह पूजा करने के लिए मंदिर पहुंचे तो हनुमान जी की प्रतिमा खंडित मिली। यह खबर गांव में जैसे ही फैली, लोगों की भीड़ मंदिर परिसर पर जुटने लगी। धार्मिक भावना को आहत करने वाली इस घटना को लेकर लोगों में भारी नाराजगी दिखी और आक्रोशित ग्रामीण एकजुट होने लगे। इस बीच बजरंग दल और हिन्दु संगठनों के लोग भी वहां पहुंच गए। इसके बाद आक्रोशित भीड़ एकजुट होकर सड़क पर उतर आई। भीड़ के सड़क पर बैठते ही आवागमन अवरूद्ध हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने आक्रोशित भीड़ को समझाईश देने की कोशिश की, लेकिन लोग उनकी बात सुनने के लिए तैयार नहीं थे। काफी मशक्कत के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के आश्वासन पर आंदोलन समाप्त हुआ और आवागमन शुरू हो सका। संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की जाएगी और आसपास लगे कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा आवेदन में त्रुटि सुधार आज तक

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रदेश में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। आवेदन प्रक्रिया के दौरान विद्यार्थियों द्वारा की गई त्रुटियों के सुधार हेतु एक अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। त्रुटि सुधार की समय-सीमा 21 अप्रैल तक एवं ऑनलाइन आवेदन पत्र में सुधार हेतु लिंक से कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए विभागीय वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है अथवा कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास से संपर्क किया जा सकता है। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार विद्यार्थी अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवश्यक सुधार निर्धारित अवधि में कर सकते हैं। त्रुटि सुधार के लिए विद्यार्थियों को कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, पुराना कलेक्टर परिसर, विवेकानंद मार्ग में कार्यालयीन समय में उपस्थित होना होगा। निर्धारित तिथि के पश्चात त्रुटि सुधार का कोई अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद पर भर्ती के लिए आवेदन 28 तक

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर के जनपद पंचायत नवागढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत खोखरा के आंगनबाड़ी केन्द्र 6 में आंगनबाड़ी सहायिक के पद रिक्त होने के फलस्वरूप 18 वर्ष से 44 वर्ष के महिलाओं से 28 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर नवागढ़ 2 ने बताया कि उक्त पद हेतु 8 वीं उत्तीर्ण संबंधित ग्राम के किसी भी अभ्यर्थी को आवेदन करना हो तो 28 अप्रैल तक वेबसाईट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर नवागढ़ 2 से संपर्क किया जा सकता है।

### जनगणना : अब नागरिक खुद कर सकेंगे अपनी गणना

**जांजगीर-चांपा।** जनगणना की प्रक्रिया जिला जांजगीर-चांपा में प्रारंभ हो गई है। शासन के निर्देशानुसार आज से जिले के समस्त ब्लॉक मुख्यालयों और नगर पालिकाओं में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के लिए प्रथम चरण मकानों की सूची और आवास जनगणना का गहन प्रशिक्षण आयोजित की गई। जिले में शासन के निर्देशानुसार आगामी जनगणना कार्यों को सुगम और सटीक बनाने के लिए स्व-गणना की प्रक्रिया पर विशेष जोर दिया जा रहा है। अब जिले के नागरिकों को गणना कर्मियों के घर आने का इंतजार नहीं करना होगा वे स्वयं पोर्टल के माध्यम से अपनी और अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकेंगे।

### भीषण गर्मी को देखते हुए कलेक्टर ने लू से बचने दिए निर्देश

**जांजगीर-चांपा।** जिले में अप्रैल माह से ही भीषण गर्मी का असर देखने को मिल रहा है। तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंचने और दोपहर से रात तक गर्म हवाएं चलने के कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही है तथा लू की स्थिति बनने लगी है। इसे देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने आम नागरिकों से विशेष सावधानी बरतने और लू से बचाव के उपाय अपनाने की अपील की है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बताया गया है कि जब तापमान अपेक्षित स्तर से काफी अधिक हो जाता है और कई दिनों तक गर्म हवाएं चलती रहती हैं, तब लू की स्थिति बन जाती है। तेज धूप में अधिक समय तक रहने से शरीर में मौजूद पानी और खनिज लवण पसीने के माध्यम से बाहर निकल जाते हैं।

## 123 किलो गांजा एवं नशीले टेबलेट का कराया गया नष्टीकरण



जब्त नशीले पदार्थो के साथ पुलिस अफसर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल समिति द्वारा 123 किलो गांजा एवं नशीले टेबलेट को नष्ट कराया गया है। नष्टीकरण कराए गए अवैध मादक पदार्थो की कीमत 63 लाख रुपए बताई जा रही है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोमवार 20 अप्रैल को प्रकाश इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड चाम्पा के (भट्ठी) में जिले के विभिन्न थाना व चौकी अंतर्गत जप्तशुदा 123 किलो गांजा, नसीली टेबलेट को विधिवत जलाकर नष्ट किया गया है। पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता पाल के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में नस्टीकरण की कार्यवाही किया गया। ड्रग डिस्पोजल कमेटी के अध्यक्ष प्रभारी पुलिस अधीक्षक निवेदिता पाल, सहायक आबकारी आयुक्त जांजगीर श्रीमती नीलिमा डिग्रेसकर, क्षेत्रीय अधिकारी पर्यावरण संरक्षण मंडल राजाराम वैष्णव के सदस्यता में निरीक्षक अशोक वैष्णव थाना प्रभारी चांपा एवं जिला अपराध शाखा प्रभारी प्रधान आरक्षक जगदीश्वर प्रसाद, आरक्षक श्याम सुंदर जांगड़े, मालखाना प्रभारी प्रधान आरक्षक देव रत्नाकर सहित पीआईएल के स्टाफ उपस्थित रहे।

## गर्मी में लहलहा रही फसल...



**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर चांपा जिले के नवागढ, पामगढ़ एवं अकलतरा क्षेत्र के किसानों द्वारा बडे पैमाने पर ग्रीष्मकालीन धान की खेती की जा रही है। किसान गर्मी के दिनों में भी धान की खेती करके मुनाफा कमा रहे है।

### द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन 9 मई को

**जांजगीर-चांपा।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर चांपा जयदीप गर्ग द्वारा वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आगामी वर्ष की द्वितीय नेशनल लोक अदालत 9 मई का आयोजन किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के लिए जिला एवं सत्र न्यायालय जांजगीर के न्यायाधीशगण एवं समस्त तालुकाओं के न्यायाधीशों से नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य दीवानी, फौजदारी, बैंक से संबंधित मामलों समीक्षा कर अधिक से अधिक राजस्व, श्रम, विद्युत एवं अन्य राजीनामा प्रकरणों को रखने व नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने में सहयोग करने को कहा गया है।

## हसदेव नदी में धड़ल्ले से चल रहा रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में इन दिनों अवैध रेत उत्खनन और परिवहन जोरो पर है। रेत माफिया कलेक्टर के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए लगातार हसदेव नदी से रेत का उत्खनन कर महंगे दामों में रेत बेचकर मुनाफा काम रहे है। वही शासन को करोड़ों रुपए का चुना लगा रहे है।

ज्ञात हो कि जांजगीर चांपा जिले से हसदेव नदी होकर गुजरी है जिसमें जिससे से बडे पैमाने पर रेत घाटों का संचालन किया जा रहा है। वहीं कई खनिज माफिया नियमों की अनदेखी कर धडल्ले से रेत का उत्खनन व परिवहन कर रहे है। जिला प्रशासन से रेत उत्खनन की अनुमति नहीं पाया है। इसके बाद भी रेत माफिया लगातार सक्रिय होकर चैन माउंटेट मशीन की सहायता से जीवन दायनी हसदेव नदी की सीने से रेत का उत्खनन कर भंडारण और परिवहन किया जा रहा है। जिससे शासन प्रशासन को लाखों का नुकसान हो रहा है।



नदी घाट से रेत की अवैध परिवहन करते खनिज माफिया।

## बारात में मारपीट मामले में 4 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ग्राम पौना में बारात के दौरान बाजा बजाने को लेकर हुए विवाद में मारपीट की गई। इस मामले में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

इस संबंध में मुलमुला पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खोखरा निवासी देवराज बरेठ ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 16 अप्रैल को वे ग्राम खोखरा से पौना बारात गए थे। इस दौरान ग्राम पौना के कुछ लोगों के द्वारा बाजा बंद करने को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ गया कि बारातियों के साथ मारपीट हो गई। बीच बचाव करने पहुंचे एक युवक को भी आरोपियों द्वारा मारपीट की गई। इस मामले में घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पिटाई से 6 बाराती घायल हुए थे, जिसमें 5 बाराती का जिला अस्पताल में इलाज किया गया है, जहां से डिस्चार्ज कर दिया गया है। मामले में पुलिस ने नरेन्द्र कश्यप उम्र 24 वर्ष, सरोज कश्यप उम्र 20 वर्ष, विमल कश्यप उम्र 22 वर्ष एवं संजय कश्यप निवासी ग्राम पौना को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।



## सर्किट हाउस जांजगीर में कांग्रेसियों ने की पत्रकारों से चर्चा

# भाजपा महिला आरक्षण नहीं, परिसीमन बिल पास करना चाह रही थी : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

भाजपा महिला आरक्षण नहीं, बल्कि परिसीमन बिल पास करना चाह रही थी कांग्रेस पार्टी महिला आरक्षण के समर्थन में है। भाजपा द्वारा महिला आरक्षण को लेकर लगातार भ्रम फैलाया जा रहा है। उक्त बातें जांजगीर चांपा विधायक व्यास कश्यप ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहीं।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेश के अनुसार जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सोमवार 20 अप्रैल को सर्किट हाउस जांजगीर में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता के माध्यम से जांजगीर चांपा विधायक व्यास कश्यप ने कहा कि भाजपा महिला आरक्षण नहीं बल्कि परिसीमन बिल पास करना चाह रही थी। कांग्रेस पार्टी महिला आरक्षण के समर्थन में है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा महिला आरक्षण को लेकर लगातार भ्रम फैलाया जा रहा है। जिसके कारण कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने इस बिल का समर्थन नहीं किया भाजपा सरकार की परिसीमन बिल पर देश के अन्य राज्यों को आपत्ति थी। भाजपा आरक्षण सामने रखकर परिसीमन बिल पास करना चाहती है। जिसके चलते इस बिल का विरोध किया गया है। भाजपा 2011 की जनगणना को आधार मानकर परिसीमन करना चाहती है भारतीय जनता पार्टी की मंशा महिला आरक्षण की नहीं अपने मन




पत्रकारों से चर्चा करते कांग्रेस पदाधिकारी।

### भाजपा विपक्षी राजनीतिक पार्टियों पर आरोप लगाकर कर रही बचाव : गबेल




**सक्ती।** देश की संसद में 17 अप्रैल को भाजपा की एनडीए सरकार द्वारा ले लाए गए नारी वंदन अधिनियम को बहुमत के आभाव में गिर जाने के बाद जहां भाजपा विपक्षी राजनीतिक पार्टियों पर अनर्गल आरोप लगाकर अपना बचाव कर रही है। तो वहीं देश की जनता भाजपा की मंशा को समझ चुकी है एवं भाजपा महिला आरक्षण की आड़ में परिसीमन के बिल को पास करवाना चाहती थी। महिला आरक्षण तो 2023 में ही लागू हो चुका था जिसे भाजपा ने रोक कर रखा हुआ था। उपरोक्त बातें 20 अप्रैल को स्थानीय रेस्ट हाउस सक्ती में जिला कांग्रेस कमेटी सक्ती द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी शक्ति की अध्यक्ष श्रीमती रश्मि गबेल ने कहीं। इस दौरान प्रमुख रूप से सुश्री अलका जायसवाल, श्रीमती विजाया यशवंत जायसवाल, घनश्याम देवांगन, रथराम पटेल, पुरुषोत्तम साहू, पवन साहू, संतोष सोनी लाला, चंद्र कुमार सोनी, नारायण प्रसाद गबेल.शफीक अहमद सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे, कांग्रेस जिला अध्यक्ष रश्मि ग़बेल ने कहा कि भाजपा द्वारा महिला आरक्षण को लेकर लगातार भ्रम फैलाया जा रहा कि कांग्रेस औरविपक्षी दलों ने महिला आरक्षण बिल का समर्थन नहीं किया, इसलिए संसद में बिल पास नहीं हो सका। जबकि भारतीय जनता पार्टी झूठ बोल रही है, महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023) 128वां संविधान संशोधन 2023 में संसद के दोनों सदनों में पारित हो चुका है तथा राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू इस पर हस्ताक्षर कर चुकीहै तथा यह कानून भी बन चुकी है।

### बिना फार्मर आईडी नहीं मिलेगा खाद किसानों को पंजीयन कराने की अपील

**सक्ती।** खरीफ सीजन में खाद की बिक्री में पारदर्शिता लाने और सब्सिडी का लाभ सीधे सही किसानों तक पहुंचाने के लिए एग्रीस्टेक योजना अंतर्गत किसानों के लिए फार्मर आईडी को अनिवार्य कर दिया गया है। फार्मर आईडी किसान की एक डिजिटल पहचान है, जो केंद्र और राज्य सरकार के साझा प्रयास एग्रीस्टेक के तहत तैयार की जाती है। भू-अभिलेख के अनुसार भूमि का विवरण लिंक होता है। शासन ने किसानों को शत-प्रतिशत पहचान पत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इसका उद्देश्य बिचौलियों पर नियंत्रण करना, खाद की कालाबाजारी को रोकना तथा वास्तविक किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराना है। फार्मर आईडी किसान की एक डिजिटल पहचान है, जो एग्रीस्टेक के तहत तैयार की जाती है।



# महावतार परशुराम का पहला पोस्टर और टीजर रिलीज...

**मुंबई।** होम्बेल फिल्म्स ने 19 अप्रैल को परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर फिल्म 'महावतार परशुराम' का पहला पोस्टर जारी किया है। साथ ही टीजर भी पेश किया है। बता दें कि भगवान विष्णु के दस अवतारों पर आधारित सात भागों वाले एनिमेटिड 'महावतार सिनेमैटिक यूनिवर्स' की यह दूसरी किस्त है। इससे पहले फिल्म 'महावतार नरसिम्हा' काफी पसंद की गई थी। होम्बले फिल्म्स ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। इसके जरिए 'महावतार परशुराम' का पहला पोस्टर रिलीज किया गया है। फिल्म का पोस्टर हिंदी और अंग्रेजी के अलावा अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में रिलीज किया गया है।

लाइफ Style



# अक्षय

## 'भूत बंगला' ने मारी दहाड़

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अक्षय कुमार और दिग्गज डायरेक्टर प्रियदर्शन की जादुई जोड़ी ने एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर दिया है। हेरा फेरी और भूल भुलैया जैसी फिल्मों का स्वाद चख चुके फैंस के लिए 'भूत बंगला' किसी ट्रीट से कम नहीं है। 14 साल के लंबे इंतजार के बाद जब यह जोड़ी पर्दे पर लौटी, तो दर्शकों का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंच गया।

फिल्म को मिल रहे शानदार रिस्पॉन्स और पॉजिटिव माउथ पब्लिसिटी का नतीजा अब इसके कलेक्शन में साफ दिख रहा है। शुरुआती रुझानों के बाद दूसरे दिन फिल्म की कमाई में जबरदस्त उछाल आया है, जो अक्षय के गिरते कॅरियर ग्राफ के लिए एक बड़ी संजीवनी साबित हो सकती है। ओपनिंग डे पर फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी पकड़ दिखाई है। शुरुआती रुझानों और पॉजिटिव रिव्यू को देखते हुए उम्मीद है कि फिल्म पहले वीकेंड पर तगड़ी कमाई करेगी। अक्षय की कॉमेडी और प्रियदर्शन का डायरेक्शन एक बार फिर कमाल करता दिख रहा है। फिल्म ने दो दिन में ग्रॉस 42 करोड़ का कलेक्शन किया। वहीं, नेट 35 करोड़ कमाए। इसी के साथ फिल्म ने वर्ल्डवाइड 61.50 करोड़ का कलेक्शन किया। ओवरसीज मार्केट में 19.50 करोड़ का कलेक्शन किया है। फिल्म को पहले दिन 12 हजार और दूसरे दिन 11 हजार के करीब शोज मिले। तीसरे दिन भी फिल्म धमाकेदार कमाई की। फिल्म को प्रियदर्शन ने डायरेक्ट किया है। आकाश कौशिक ने फिल्म की कहानी लिखी है। फिल्म में अक्षय कुमार लीड रोल में हैं। वहीं परेश रावल, राजपाल यादव, वामिका गब्बी, तबु, मिथिला पालकर जैसे स्टार्स हैं।

हॉलीवुड मसाला



# स्कॉर्पियन्स ने रद्द किया इंडिया टूर

**लॉस एंजिल्स।** जर्मन रॉक बैंड 'स्कॉर्पियन्स' की तरफ से शनिवार को घोषणा की गई कि वे अपना इंडिया टूर रद्द कर रहे हैं। जर्मन रॉक बैंड 'स्कॉर्पियन्स के एक सदस्य को मेडिकल इश्यूज हो गया है। वह सदस्य बीमार हैं। ऐसे में यह रॉक बैंड अपना इंडिया टूर रद्द कर रहा है। यह जानकारी इंडिया टूर के आयोजकों ने सोशल मीडिया पर साझा की है। बता दें कि यह बैंड 21 अप्रैल को शिलॉन्ग के जेएन स्टेडियम में परफॉर्म करने वाला था। इसके बाद 24 अप्रैल को दिल्ली-एनसीआर, 26 अप्रैल को बेंगलुरु और 30 अप्रैल को मुंबई में इनके कॉन्सर्ट होने वाले थे।



# सिंगर मलिक पांच सोलो एल्बम कर चुके हैं रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** पॉपुलर ब्रिटिश सिंगर के फैंस दुनिया भर में मौजूद हैं। भारत में भी इस सिंगर को पसंद किया जाता हैसिंगर जेन मलिक का नया एल्बम 'कोन्नाकोल' काफी दिनों से चर्चा में था। जिस दिन यह एल्बम रिलीज होना था, उसी दिन सिंगर को अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। जेन ने अपना हेल्थ अपडेट म्यूजिक एल्बम 'कोन्नाकोल' के रिलीज होने के कुछ ही घंटों बाद दिया है। 2015 में वन डायरेक्शन म्यूजिक बैंड छोड़ने के बाद यह उनका पांचवां एल्बम है। बिलबोर्ड के मुताबिक जेन मलिक ने कहा, 'अब तक पांच सोलो एल्बम आ चुके हैं। मैं इस बात से बहुत उत्साहित था कि बैंड छोड़ने के बाद अपना पहला सोलो एल्बम बना पाया। लोगों ने भी उसमें दिलचस्पी दिखाई। मुझे इस बात पर प्राउड फील होता है। जेन मलिक के पिछले चार एल्बम बिलबोर्ड 200 चार्ट में जगह बना चुके हैं।



# भगवान वेंकटेश्वर का लिया आशीर्वाद

**मुंबई।** रविवार सुबह तमन्ना भाटिया ने तिरुपति बालाजी मंदिर में भगवान वेंकटेश्वर के अवतार विष्णु के दर्शन किए। यह मंदिर आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में तिरुमाला की सात पहाड़ियों पर स्थित है। इसकी खास झलक तमन्ना ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। तमन्ना ने 19 अप्रैल को रविवार के दिन भगवान विष्णु के अवतार भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन किए। यह प्राचीन मंदिर तिरुपति बालाजी मंदिर भगवान वेंकटेश्वर को समर्पित है। तमन्ना ने इसकी खास झलक अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर की है। तमन्ना ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर मंदिर से एक खास वीडियो अपने फैंस के लिए शेयर किया है। इस वीडियो में तमन्ना माथे पर लाल बिंदी लगाए लाल चुनरी पहने नजर आ रही हैं, जिसके पीछे 'अच्युतम केशवम कृष्ण दामोदरम' भजन सुनाई दे रहा है।



# सलमान की फिल्म की शूटिंग शुरू

**मुंबई।** सलमान खान फिल्म 'मातृभूमि'के बाद साउथ एक्ट्रेस नयनतारा के साथ अगली फिल्म करेंगे। इस फिल्म की शूटिंग से जुड़ा अपडेट मेकर्स ने साझा किया है। सलमान की इस फिल्म के लिए बॉलीवुड एक्टर्स एक्साइटेड दिख रहे हैं। निर्देशक वामशी ने इंस्टाग्राम पर सलमान की आगामी फिल्म से जुड़ी जानकारी साझा की है। निर्देशक ने एक क्लैपरबोर्ड की तस्वीर अपलोड की, जिस पर 'मुहूर्त'लिखा हुआ था। इस तरह वामशी ने फैंस को बताया कि सलमान और नयनतारा की एक्शन ड्रामा फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। शनिवार को इसका मुहूर्त शॉट किया गया। डायरेक्टर वामशी की पोस्ट और सलमान की फिल्म को लेकर कई बॉलीवुड सेलेब्स उत्साहित दिखे। इस पोस्ट पर रिएक्शन देते हुए अनिल कपूर ने लिखा, 'वामशी, आपको बहुत-बहुत शुभकामनाएं।'

टीवी मसाला




# अविनाश और ईशा के गाने शुक्रिया में दिखी शादी की झलक

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 18 से मशहूर हुई जोड़ी अविनाश मिश्रा और ईशा सिंह एक बार फिर साथ नजर आ रही है। दोनों इस बार अंशुल गर्ग के गाने 'शुक्रिया' में दिखाई दे रहे हैं, जो फैंस के बीच दो ही दिन में पॉपुलर भी हो गया है। जब अविनाश मिश्रा और ईशा सिंह ने 'बिग बॉस 18' में हिस्सा लिया था, तब वे जल्दी ही दर्शकों के पसंदीदा बन गए थे और लोग उन्हें एक साथ देखना पसंद करने लगे थे। उनकी केमिस्ट्री शो की खास बातों में से एक थी, और तभी से दर्शक उन्हें फिर से ऑन-स्क्रीन और ऑफ-स्क्रीन साथ देखने का इंतजार कर रहे थे, जो अब आखिरकार पूरा हो गया है। हाल ही में दोनों ने अपने हाथों की एक तस्वीर शेयर करके फैंस को खुश कर दिया था, जिससे लोग सोचने लगे थे कि दोनों क्या नया करने वाले हैं। अब यह साफ हो गया है कि अविनाश और ईशा ने 'शुक्रिया' नाम के एक म्यूजिक वीडियो के लिए साथ काम किया है, जिसे अंशुल गर्ग ने प्रोड्यूस किया है। अंशुल गर्ग अपने गानों में फेमस जोड़ियों को साथ लाने के लिए जाने जाते हैं, और इस बार भी उन्होंने वही किया है। यह गाना आज रिलीज हो गया है। इस म्यूजिक वीडियो में अविनाश और ईशा की एक प्यारी सी लव स्टोरी दिखाई गई है, जिसमें वे शादी की रस्में निभाते नजर आते हैं, जैसे हल्दी और फेरे। उनकी वापसी से दर्शकों में काफी खुशी है और दोनों की केमिस्ट्री ने इंटरनेट पर धूम मचा दी है। फैंस उनकी जोड़ी और बॉन्डिंग की जमकर तारीफ कर रहे हैं। गाने में हल्दी, मेहंदी और शादी से लेकर सभी खास पलों को दिखाया गया है।

## शाहरुख के लिए लिख चुकी हैं गाना

**नई दिल्ली।** 'शाका लाका बूम बूम' की ऋतु याद है, जो टॉम बॉय थी और लड़कों से भी भिड़ जाती थी? वह रोल साईनी राज ने निभाया था। वह अब



एक्टिंग छोड़ चुकी हैं और शाहरुख खान के लिए गाना भी लिख चुकी हैं। 26 साल में वह काफी बदल चुकी हैं। ऋतु के किरदार को साईनी राज ने निभाया था, जो एक पॉपुलर चाइल्ड आर्टिस्ट थीं। साईनी राज एक कवयित्री, राइटर, लिरिसिस्ट और एक वर्चुअल बुक क्लब की फाउंडर हैं। उन्होंने लॉकडाउन के दौरान 'सब सही जाएगा' गाना लिखा था, जिसे शाहरुख खान ने गाया था। यही नहीं, साईनी राज रैपर और सिंगर बादशाह के साथ भी काम कर चुकी हैं और एक शॉर्ट फिल्म भी लिखी। हालांकि, इस मुकाम तक पहुंचने के लिए साईनी राज ने खूब रिजेक्शन झेला था। साईनी राज ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत 7 साल की उम्र में की थी। उन्होंने जो पहला एक्ट किया था, उसके लिए 300 रुपये मिले थे। हालांकि, साईनी राज का सफर बिल्कुल भी आसान नहीं था। उन्होंने एक बार बताया था कि विज्ञापनों के लिए वह 300 बार तक ऑडिशन दे चुकी थीं।

# निकिता ने मिस इंडिया वर्ल्ड साध्वी को पहनाया ताज, ईशान ने किया परफॉर्म...

**नई दिल्ली।** 18 अप्रैल को भुवनेश्वर के केआईआईटी में 61वीं मिस इंडिया प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस भव्य प्रोग्राम में गोवा की साध्वी सैल ने मिस इंडिया वर्ल्ड 2026 का खिताब जीता है। उन्होंने भारत की 30 प्रतियोगियों को पीछे छोड़कर यह सौंदर्य प्रतियोगिता जीती है। मिस इंडिया प्रतियोगिता में कई पल बहुत खास रहे। मिस इंडिया प्रतियोगिता में विजेता के तौर पर साध्वी सैल के नाम का ऐलान हुआ। इसके बाद उन्हें मिस इंडिया वर्ल्ड 2024 निकिता पोरवाल ने ताज पहनाया। यह पल काफी खास था। अब साध्वी मिस इंडिया प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

***पहली और दूसरी रनरअप को पहनाया गया ताज :*** साध्वी ने राजनंदिनी और अद्वैता को पछाड़कर यह खिताब अपने नाम किया है। मिस इंडिया 2026 में महाराष्ट्र की रहने वाली राजनंदिनी फर्स्ट रनर अप रहीं। वहीं, चेन्नई की रहने वाली अद्वैता सेकंड रनर अप बनीं। राजनंदिनी फेमिना मिस इंडिया महाराष्ट्र रह चुकी हैं। वहीं अद्वैता फेमिना मिस इंडिया यूनियन टेरिटरी रह चुकी हैं। प्रतियोगिता में इन



दोनों को ताज पहनाया गया। इस मौके पर साध्वी ने भी खुशी जताई।


***नेहा ने किया साध्वी को सम्मानित :*** यह बहुत ही हैरानी भरा पल था, जब मिस इंडिया के नाम का एलान हुआ। विनर के तौर पर जब साध्वी के नाम का एलान हुआ, तो वह हैरान हो गईं। वह लगभग रोने वाली थीं। विजेता के तौर पर उनके नाम की घोषणा होने के बाद अभिनेत्री नेहा धूपिया ने उन्हें सम्मानित किया।

***जुबिन ने दी परफॉर्मेंस :*** भुवनेश्वर के केआईआईटी में 61वीं मिस इंडिया प्रतियोगिता में ईशान खट्टर ने एनर्जी से भरपूर परफॉर्मेंस दी। वहां मौजूद लोगों ने उनके डांस की तारीफ की। इसी कड़ी में जुबिन नौटियाल ने भी परफॉर्मेंस दी। उनकी आवाज ने प्रोग्राम में समां बांध दिया।

***लॉरेन ने डांस से दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध :*** अमेरिकी डांसर और अभिनेत्री लॉरेन गॉटलिब ने 61वें फेमिना मिस इंडिया 2026 के ग्रैंड फिनाले में डांसर के तौर पर शानदार परफॉरमेंस दी। उन्होंने अपने मूव्स से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण को दर्शाते हुए डांस किया।

# दूसरी बार मां बनने वाली हैं दीपिका

**मुंबई।** 'धुरंधर' एक्टर रणवीर सिंह के सितारे बुलंदी पर हैं। प्रोफेशनल फ्रंट पर वे 'धुरंधर 2' को लेकर तारीफें बटोर रहे हैं। वहीं, निजी जिंदगी में भी एक्टर की जिंदगी में खुशियों ने दस्तक दी है। वे दूसरी बार पिता बनने वाले हैं। अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने रविवार को फैंस के साथ खुशखबरी साझा की है। वे दूसरी बार प्रेग्नेंट हैं। दीपिका पादुकोण ने दूसरी प्रेग्नेंसी की खुशखबरी अपनी बिटिया दुआ के हाथों साझा की है। अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उनकी बिटिया दुआ नजर आ रही हैं। पापा रणवीर ने बेटी को गोद में थामा हुआ है। हालांकि, रणवीर का चेहरा नहीं दिख रहा, सिर्फ हाथ नजर आ रहे हैं। वहीं, दुआ का आधा चेहरा दिख रहा है। उनके हाथों में प्रेग्नेंसी किट है। इसके साथ दीपिका ने कैप्शन में इविल आई इमोजी लगाई है। दीपिका पादुकोण के पोस्ट पर फैंस बधाई दे रहे हैं। साथ ही कई सेलेब्स ने भी रिएक्शन दिए हैं और कपल को बधाई दे रहे हैं। परिणीति चोपड़ा, अनन्या पांडे, सामंथा रुथ प्रभु, कियारा आडवाणी, फलक नाज, दानिश पंडोर सहित कई सेलेब्स ने बधाई दी है और रेड हार्ट इमोजी पोस्ट



किए हैं। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने साल 2018 में शादी रचाई थी। शादी के करीब छह साल बाद कपल ने पहली संतान के रूप में बेटी दुआ का स्वागत किया। दीपिका और रणवीर की बिटिया दुआ का जन्म 8 सितंबर 2024 को हुआ था। अब वे दूसरे बच्चे का स्वागत करने वाले हैं। दुआ अब दीदी बनने वाली हैं।

## मौत के 30 साल बाद बने नंबर वन कंपोजर

# मदन मोहन की 1950 की वो धुन, जिससे निकला वीर जारा का हिट गाना

*नई दिल्ली। मदन मोहन की एक ऐसी धुन के बारे में बता रहे हैं, जिसे उन्होंने 1950 में कंपोज किया था, पर यह 2004 में जाकर ब्लॉकबस्टर हुई। दुख की बात है कि तब तक मदन मोहन यह सोचते-सोचते ही इस दुनिया से चले गए कि वो किसी काम के नहीं। मौत के 30 साल बाद वह नंबर वन कंपोजर बने। उस धुन से जो गाना बना था, वो है 'तेरे लिए हम हैं जिए'। इस शख्स को 'गजल किंग' बुलाया जाता है। स्वर कोकिला लता मंगेशकर तो उन्हें 'गजल का शहजादा' कहकर बुलाती थीं। उन्होंने आपकी नजरों ने समझा प्यार के काबिल मुझे, नैना बरसे रिमझिम रिमझिम और ये दुनिया ये महफिल मेरे काम की नहीं जैसे सुपरहिट गाने दिए। अपने कॅरियर में उन्होंने करीब 700 से ज्यादा गाने कंपोज किए थे और वो सभी सुपरहिट रहे थे। यहां इस स्पेशल सेगमेंट में मदन मोहन के अलावा उनके उस गाने के बारे में बता रहे हैं, जो कंपोज तो 50 के दशक में किया गया था, पर साल 2004 में वह बंपर हिट हुआ था।*

**खूबसूरत कंपोजिशन :** मदन मोहन का पूरा नाम मदन मोहन कोहली था। उन्होंने 50, 60 और 70 के दशक में ढेरों गानों के लिए खूबसूरत मेलोडी और ट्यूंस बनाईं, गाने कंपोज किए। लता मंगेशकर, मोहम्मद रफी और तलत महमूद के साथ मिलकर कई खूबसूरत और यादगार कंपोजिशन दीं। मदन मोहन कितने टैलेंटेड और अनमोल कंपोजर थे, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि फिल्म 'वीर जारा' के सभी 11 गाने असल में उन्हीं के कंपोजिशन में बनाए गए। उन गानों को मदन मोहन की बनाई ट्यून्स से कंपोज किया गया, जिसमें बेटे संजीव कोहली ने मदद की।

## पुलिस फोर्स में थे मदन मोहन के पिता

मदन मोहन बगदाद में पैदा हुए थे और उनके पिता वहां इराकी पुलिस फोर्स में अकाउंटेंट जनरल के पद पर तैनात थे। बताया जाता है कि वहां की पुलिस फोर्स मदन के पिता पर बगदाद में ही रहने का दबाव बनाने लगी। पर पिता परिवार को लेकर पंजाब के झेलम के चकवाल गांव में आ गए। वो वहीं रहने लगे क्योंकि वहां पर उनका पुश्तैनी घर था। मदन मोहन के पिता फिर काम की तलाश में मुंबई चले गए और बेटे को उसकी दादी के पास छोड़ गए।



## दिल ढूंढता है...

ये वो ट्यून्स थीं, जो कभी मदन मोहन ने कंपोज की थीं, पर जीते जी उनका इस्तेमाल नहीं कर पाए थे, और जब मौत हुई तो बेटे संजीव के पास एक बॉक्स छोड़ गए थे, जिसमें उनकी कंपोज की हुई ट्यून्स और गजलें थीं। संजीव उन रिकॉर्डिंग और टेप को बार-बार सुनते रहते थे,क्योंकि वह पिता की आवाज सुनना चाहते थे। फिर अचानक ही संजीव ने एक टेप में ऐसी ट्यून सुनी जो कभी रिलीज ही नहीं हुई थी। वह फिल्म 'मौसम' के गाने 'दिल ढूंढता है' का ऑल्टर्नेट वर्जन था।

## तेरे लिए हम हैं जिए...

उस गाने से करीब 30 ट्यून्स को 'वीर जारा' में इस्तेमाल किया गया। जब यश चोपड़ा 'वीर जारा' बना रहे थे, तो ऐसे गाने चाहते थे जो टाइमलेस हों, सदाबहार हों। तब संजीव कोहली ने उन्हें पिता की टेप्स और रिकॉर्डिंग के बारे में बताया। यह सुनकर यश चोपड़ा ने उन्हें सभी टेप्स-रिकॉर्डिंग सुनने को कहा। संजीव उस गाने से करीब 30 ट्यून्स निकालकर यश चोपड़ा के ऑफिस पहुंचे। यश चोपड़ा को सभी ट्यून्स पसंद आ गए और फिर 'दिल ढूंढता है' गाने का 'वीर जारा' में ऑल्टर्नेट वर्जन बना, जिसके बोल हैं 'तेरे लिए हम हैं जिए'... इस तरह मदन मोहन की बदौलत 'वीर जारा' का ऐतिहासिक म्यूजिक बना और सभी गाने ब्लॉकबस्टर रहे।

## शराब में डूबे और सड़ गया लिवर

मदन मोहन ने अपने करियर में कई हिट गाने कंपोज किए। लता मंगेशकर संग उनकी जोड़ी खूब जमी। पर शराब पीने के कारण उनका लिवर सड़ने लगा और खराब हो गया। इसके कारण 14 जुलाई 1975 को मदन मोहन का निधन हो गया। बताया जाता है कि एक समय के बाद मदन मोहन को काफी स्ट्रगल करना पड़ा। जहां इंडस्ट्री में करियर की शुरुआत में उनके कई गाने रिलीज नहीं किए गए, वहीं बाद में उन्हें गाने और बनाने का मौका मिलना मुश्किल हो गया। दरअसल, उस वक्त हर एक्टर-डायरेक्टर के अपने म्यूजिक कंपोजर्स थे। राज कपूर से लेकर दिलीप कुमार और देवानंद जैसे स्टार्स के अपने-अपने कंपोजर्स थे।

## खबर संक्षेप

### अघोर विद्यापीठ पोड़ी दल्हा में शिक्षक प्रशिक्षण सेमिनार आयोजित

**अकलतरा।** अघोर विद्यापीठ पोड़ी दल्हा अकलतरा में एकदिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण सेमिनार का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक दुष्यंत दास एवं अनिल दास ने अघोर विद्यापीठ के शिक्षकों को शिक्षण कार्य में एनईपी 2020 के सहयोगात्मक सुझाव को क्रियान्वित करने की प्रेरणा दी जिससे शिक्षण कार्य का उद्देश्य सहजता पूर्वक पूर्ण हो सके। शिक्षकों को प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को शिक्षण कार्य में किस तरीके से आसानी से शामिल किया जाए एवं गतिविधियों से शिक्षा के प्रति उनमें रुझान पैदा किया जा सके, इन सभी विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। अंत में प्राचार्या श्रीमती अंजली दुबे के द्वारा प्रशिक्षण देने आए प्रशिक्षकों को पौधा भेंट कर सम्मानित करते हुए आभार प्रदर्शन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम से शिक्षकों को महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त हुई। इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने में शाला के शिक्षकगणों एवं कर्मचारियों का सहयोग रहा।

### आईटीआई उत्तीर्ण युवाओं के लिए पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ

**मालखरौदा।** सक्ती जिले के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आईटीआई मालखरौदा में पीएम इंटर्नशिप 2.0 के तहत पात्र आईटीआई उत्तीर्ण युवाओं के लिए पंजीयन प्रक्रिया 16 अप्रैल से प्रारंभ कर दी गई है। यह पंजीयन प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत योग्य युवाओं को देश के प्रतिष्ठित उद्योगों में इंटर्नशिप के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इससे युवाओं को तकनीकी दक्षता के साथ-साथ कार्य का अनुभव भी प्राप्त होगा, जो भविष्य में रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होगा।

### सामाजिक लोगो (मोनो) निर्माण के लिए पत्रकार राजेंद्र और शिक्षक हेमंत का हुआ सम्मान



**जांजगीर-चांपा।** ग्राम धाराशिव में 19 अप्रैल को आयोजित छत्तीसगढ़ स्वाभिमानी क्षत्रिय राठौर समाज की विचार गोष्ठी के दौरान समाज के लिए सामाजिक लोगो (मोनो) निर्माण की पहल को लेकर विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पत्रकार राजेंद्र राठौर (जांजगीर) एवं उनके सहयोगी उच्च वर्ग शिक्षक हेमंत कुमार राठौर (खोखरा) का समाजजनों द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठजनों ने कहा कि सामाजिक लोगो (मोनो) समाज की पहचान, एकता और संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस पहल के लिए दोनों का अभिनंदन करते हुए समाज के लोगों ने उनके प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन संतोष राठौर (जांजगीर) द्वारा किया गया। इस दौरान समाज के वरिष्ठजनों ने ग्राम धाराशिव की सामाजिक सक्रियता की सराहना करते हुए इसे तीर्थस्थल जैसी गरिमा वाला स्थान बताया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से बद्री प्रसाद राठौर, प्यारेलाल राठौर, मनहरणलाल राठौर, कोरबा के देव सिंह राठौर, छिंदपुर के दामोदर राठौर तथा लखनलाल राठौर (कोरबी) ने समाज के युवाओं को प्रेरणादायक संदेश देते हुए सामाजिक एकता और कुरीतियों को दूर करने के लिए संगठित होकर कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में ग्राम धाराशिव की सरपंच कल्याणी राठौर, महारथी राठौर, अमृत लाल राठौर (सिऊंड), कृष्ण चंद्र राठौर (जांजगीर), रघुबर सिंह राठौर (जांजगीर) दिनेश राठौर, राजू प्रसाद राठौर, रामप्रसाद राठौर, चिंताराम राठौर, योगेश राठौर, दिग्विजय सिंह राठौर, गौतम राठौर, बाबूलाल राठौर, ओमकार राठौर, नेतराम राठौर, समयलाल राठौर, प्रदीप राठौर, राघवेंद्र राठौर, तेंदूभाटा के राजकुमार राठौर, चित्रभान राठौर, रामसागर राठौर, धनेली से दिनेश राठौर सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे। बैठक में समाज के विकास और जागरूकता के लिए विभिन्न परिमंडलों में इसी प्रकार की विचार गोष्ठियां आयोजित करने का निर्णय भी लिया गया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## निधन

### पनिकाराम केंवट



**सक्ती।** जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सोंठी के प्रतिष्ठित नागरिक पनिकराम केंवट सेवानिवृत्त वरिष्ठ कृषि अधिकारी का 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में ग्रामीण एवं स्वजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे अपने पीछे पत्नी के अलावा भरा-पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है।

### सौरभ गुप्ता



**चांपा।** स्थानीय केशरवानी समाज के प्रतिष्ठित नागरिक एवं गौरव पथ स्थित गुरुनानक रेजिडेंसी निवासी गोपी किशन गुप्ता के कनिष्ठ सुपुत्र सौरभ गुप्ता उर्फ चिंटू का असामयिक निधन उपचार के दौरान सोमवार 20 अप्रैल को रायपुर के मेकाहारा अस्पताल में हो गया। वे 32 वर्ष के थे। स्व. गुप्ता पत्रकार गौरव गुप्ता के अनुज थे। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार 21 अप्रैल को हसदेव नदी के तट पर पीआईएल बायपास मार्ग स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया जावेगा। अंतिम यात्रा दोपहर 12 बजे गुरुनानक रेजिडेंसी स्थित निवास से निकलेगी।

देखरेख के अभाव में धीरे-धीरे हो खंडहर में हो रहा तब्दील

# लाखों रुपए की लागत से बनी पानी टंकी कौड़ी काम की नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

बलौदा ब्लॉक के ग्राम पंचायत बहेराडीह में बना पानी टंकी कौड़ी काम का नहीं है, जिसके कारण पानी टंकी कौड़ी काम का नहीं है। वहीं इसकी देखरेख भी नहीं हो पा रहा है।

केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन के तहत ग्राम बहेराडीह में करीब पांच साल पहले लाखों रूपये की लागत से निर्मित पानी टंकी का जल श्रोत नहीं मिलने कारण लाभ नहीं मिला। वहीं निर्माण कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी की गई। स्थिति यह है कि देखरेख के अभाव में पानी टंकी अब पांच साल बाद खंडहर में तब्दील होने लगी है। यहीं हाल पड़ोसी गांव जाटा का भी है। ग्राम बहेराडीह के पूर्व सरपंच मुरित राम यादव और ग्रामीणों ने बताया कि करीब 5 साल पहले केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना के तहत ग्राम बहेराडीह में स्कूल परिसर में लाखों रूपये की लागत से पानी टंकी का निर्माण किया गया है। निर्माण कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी की गई है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि ज़ब यहां पर पानी टंकी का निर्माण कार्य शुरू किया गया उसी समय ग्रामीणों ने गांव का जल स्तर अच्छा नहीं होने की जानकारी दी थी उसके बाद भी ग्रामीणों की बात को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी, कर्मचारी



देखरेख के अभाव में जल जीवन मिशन योजना का बुरा हाल।




और सम्बंधित ठेकेदार ने नजरअंदाज किया और बिना जल स्त्रोत पता लगाये ही लाखों की रूपये की लागत से घटिया सामग्री का उपयोग करते हुये पानी टंकी का निर्माण करते हुये पाईप लाईन बिछाया और गांव के हरेक घरों में नल कनेक्शन और प्लेटफार्म बना दिया गया है। केंद्र सरकार की लाखों करोड़ों की जल जीवन योजना बहेराडीह के ग्रामीणों के लिए कौड़ी काम का नहीं है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि लाखों रूपये की लागत से पानी टंकी गांव में स्कूल परिसर में बनाने के बाद जल श्रोत का पता लगाया गया। जिसे पानी टंकी बनाने से पहले ही जल श्रोत का पता लगाना था। सम्बंधित विभाग ने अब तक 6 बोर खनन किया, लेकिन एक भी बोर में पानी नहीं निकला, जिसके कारण लाखों रूपये की लागत से निर्मित पानी टंकी ग्रामीणों के लिये कोई काम का नहीं हैं।

# शतरंज से बढ़ता बौद्धिक विकास : प्रधान

## वन डे रैपिड चेस टूर्नामेंट में 220 खिलाड़ियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला शतरंज संघ जांजगीर-चांपा एवं डीबी वेंचर्स चांपा के संयुक्त तत्वावधान में "वन डे रैपिड चेस टूर्नामेंट 2026" का आयोजन ऑडिटोरियम जांजगीर में किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र सहित विभिन्न स्थानों से लगभग 220 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खिलाड़ियों ट्रॉफी मोमेंटो, कैश प्राइज, मेडल एवं ई-प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम एवं जिला खेल अधिकारी सुब्रत प्रधान ने कहा कि शतरंज केवल एक खेल नहीं बल्कि बौद्धिक विकास का सशक्त माध्यम है। यह खेल बच्चों और युवाओं में तार्किक सोच, निर्णय क्षमता तथा धैर्य को विकसित करता है। उन्होंने बताया कि शतरंज खेलने से मस्तिष्क की एकाग्रता बढ़ती है और खिलाड़ी कठिन परिस्थितियों में भी सही निर्णय लेना सीखते हैं। यही कारण है कि आज शतरंज को शिक्षा और मानसिक विकास से जोड़कर देखा जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डीबी वेंचर्स ग्रुप के संचालक धीरेन्द्र बाजपेई ने कहा कि जिले में शतरंज को पहचान दिलाने में जिला शतरंज संघ की अहम भूमिका रही है। संघ के निरंतर प्रयासों से आज शतरंज खेल



विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते अतिथि।

ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है और नई प्रतिभाएं उभरकर सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि डीबी वेंचर्स ग्रुप खेलों को बढ़ावा देने के लिए सदैव तत्पर है और शतरंज के विकास हेतु हर संभव सहयोग प्रदान करता रहेगा। पुरस्कार वितरण मे विशिष्ट अतिथि आर एल विश्वकर्मा सचिव जिला शतरंज संघ कोरबा, विमल मानिकपुरी समाजसेवी, अंजीर प्रधान, मनोज साहू की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रतियोगिता का शुभारंभ डॉ सुमित गुलावानी एवं विजय सोनी ने दीप प्रज्वलन कर किया। चैतन्य निर्मलकर ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। जिला शतरंज संघ अध्यक्ष देवेंद्र राठौर एवं उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव ने बताया कि ,ओपन वर्ग में यश सिंह ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर संस्कार कश्यप एवं तृतीय स्थान पर प्रभमान सिंह मल्होत्रा रहे। ओपन महिला वर्गप्रथम स्थान जसमन कौर द्वितीय विनिता कैवर्त तृतीय इशिका साहू ने प्राप्त किया। अंडर-15 बालक वर्ग में प्रांजल बिस्वास ने प्रथम स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान पर दीपक सिंह एवं तीसरे स्थान पर शिवांश सिंह ठाकुर रहे। अंडर-15 बालिका वर्ग में अनुष्का प्रामाणिक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर सम्बोधि सिंह एवं तृतीय स्थान पर अन्वेशा राठौर रहीं। अंडर-10 बालक वर्ग में अयान्श फुलर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर वेदांश यादव एवं तीसरे स्थान पर जी. आरव रहे। अंडर-10 बालिका वर्ग में समायरा उभरानी ने प्रथम स्थान हासिल किया। द्वितीय स्थान पर अमंदी साई एवं तृतीय स्थान पर अनिका साहू रहीं। जोनल पुरस्कारों में रूपांश सकले (रायपुर), अजय कुमार (बिलासपुर), अर्चित देवांगन (बस्तर) एवं आहान गुप्ता (सरगुजा) शामिल रहे।

## छह माह पूर्ण कर चुके बच्चों के लिए पोषण आहार जरुरी



**जांजगीर-चांपा।** आंगनबाड़ी केंद्र में पोषक पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी क्रम में आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड नंबर 17-1 में पोषण पखवाड़ा और परशुराम जयंती मनाया गया। इस अवसर पर नयन राठौर द्वारा बच्चों को न्योता भोज में स्थानीय स्तर पर उपलब्ध खरबूज, तरबूज ,ककड़ी और खीर खिलाया गया। इस दौरान 6 माह के एक बच्चे अधरित राठौर का अन्नप्राशन कराया गया और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा उपस्थित शिशुवती माता और महिला जन समूह को बताया गया कि 6 माह पूर्ण कर चुके बच्चों को पौष्टिक ऊपरी आहार दूध ,केला ,मौसमी फल, दलिया व अन्य पौष्टिक आहार दिया जाना चाहिए जिसमें बच्चे का वजन उम्र और लंबाई के अनुसार सही हो सके और बच्चे स्वस्थ और कुपोषण से मुक्त रहे तथा बच्चों के सही ढंग से पोषण हो सके इसके लिए प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर वार्ड पार्षद श्रीमती मनीषा गोपाल, सेक्टर पर्यवेक्षक सुश्री नवधा राठिया,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती राठौर ,सीमा सिंह ,जयंती धीवर, सुनीता सूर्यवंशी ,नव्या राठौर,निर्मला, प्रिया सहित मोहल्ले के लोग उपस्थित थे।

## सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में डीपीएस के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

दिल्ली पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता की नई मिसाल पेश करते हुए सीबीएसई

■ विद्यार्थियों ने अभिभावकों के सहयोग एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन से प्राप्त किया सफलता

कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा 2026 में 100 प्रतिशत परिणाम हासिल किया। विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने अपने समर्पण, अनुशासन और अथक परिश्रम से उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर न केवल अपने माता-पिता, बल्कि दिल्ली पब्लिक स्कूल का नाम रोशन किया।

आयुष कोरी - 98 प्रतिशत, पीयूष घृतलहरे - 97 प्रतिशत, कुशाग्र राठौर - 95.4 प्रतिशत, ग्लैशी ताम्रकार - 94.4 प्रतिशत, दृष्टि गोयल - 94.2 प्रतिशत, अभिनव गोयल - 94 प्रतिशत, अफ्शा अंजुम - 93.8 प्रतिशत, पुनीत सेनापति - 93.2 प्रतिशत, दिव्याक्ष आजाद - 93.2 प्रतिशत, पावनी पित्रोड़ा - 91.2 प्रतिशत अंक के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया। वहीं विद्यालय के दस विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कल्पना सिंह एवं शिक्षकों ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के निरंतर सहयोग और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन को दिया। विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों ने बच्चों को अभिप्रेरित करते हुए कहा कि डीपीएस के विद्यार्थियों ने सिद्ध किया कि दृढ़ संकल्प और सही मार्गदर्शन से हर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। अंत में विद्यालय प्रबंधन समिति ने सभी सफल विद्यार्थियों और शिक्षकों सहित विद्यालय की प्राचार्य को उत्कृष्अ प्रदर्शन के लिए बधाई एवं उज्वल भविष्य की कामना की है।



आयुष कोरी | पीयूष धृतलहरे | कुशाग्र राठौर | ग्लैशी ताम्रकार | दृष्टि गोयल

## छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन ने किया परशुराम रैली का भव्य स्वागत

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन के द्वारा भगवान परसुराम जयन्ती पर सर्व ब्राह्मण समाज के द्वारा परशुराम चौक हटरी से पूजा अर्चना कर रैली निकाली गई, जिसका छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन के द्वारा नवधा चौक में शिव बुक स्टोर के पास भव्य स्वागत किया गया। सभी सदस्यों ने रैली में शामिल सदस्यो को ठंडा पिलाकर स्वागत किया गया। साथ ही ब्राह्मण समाज के सदस्य सुमित शर्मा, बंटी शर्मा,राजेश शर्मा,अभिषेश शर्मा ने भगवान परशुराम का प्रतीक चिन्ह भेंट स्वरूप दिया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राम नरेश यादव, जिला उपाध्यक्ष मांगेराम अग्रवाल, महासचिव गोविंद देवांगन, मंत्री राजा सोनी, मीडिया प्रभारी ओंकार यादव, पुष्पेंद्री कसेरा, युवा अध्यक्ष अमन डालमिया ,कमल अग्रवाल आदि लोग उपस्थित रहे।



## तुलसीडीह में सतनाम शोभा यात्रा एवं जैतखाम का हुआ लोकार्पण

**मालखरौदा।** ग्राम तुलसीडीह में शनिवार 18 अप्रैल को सतनाम शोभायात्रा एवं जैतखाम लोकार्पण हुआ। जैतखाम गिरौधपुरी मॉडल जैतखाम जैसा बनाया गया हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामकुमार यादव, बीजेपी जिलाध्यक्ष टिकेश्वर गबेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती द्रौपदी कीर्तन चंद्रा , पूर्व विधायक जिला पंचायत सदस्य निर्मल सिन्हा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमल किशोर पटेल, जनपद अध्यक्ष मालखरौदा कवि शरण वर्मा, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पुर्णिमा चंद्रप्रकाश खूंटे, जनपद सदस्य श्रीमती शौखीन बिहारी लाल धीरहे, बसपा जिलाध्यक्ष आर. बंजारे, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रगतिसील सतनामी समाज दिनेश लहरें, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती हीरा देवी साडे, मंडल अध्यक्ष मालखरौदा जगदीश चंद्रा , श्रीमती बसंती केसर भारद्वाज उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता , मितानिन, सक्रिय महिला समूह,पंच गण,ग्राम पंचायत के गण मान्य नागरिक, नव युवा एकता संगठन समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे। वहीं रात्रि प्रोग्राम में टी. आर.कुर्बान उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम तुलसीडीह बड़ेमुड़पार सरपंच दिलदार खूंटे, पंच एवं ग्रामीणों का योगदान रहा।



पूजा-अर्चना करते अतिथि।

## जन्मदिन पर वृद्धाश्रम व मूकबधिर आश्रम खोखरा पहुंचे पूर्व नेता प्रतिपक्ष चंदेल

**जांजगीर-चांपा।** छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल अपने जन्मदिन के अवसर पर रविवार 19 अप्रैल को ग्राम खोखरा मनका माई मंदिर परिसर में वृद्धाश्रम एवं मुकबधीर बच्चों के बीच जाकर अपना जन्मदिन मनाया।

इस अवसर पर सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल की धर्मपत्नी श्रीमती प्रमिला चंदेल, पुत्र पलाश चंदेल सहित परिवार के सदस्य भी उपस्थित थे। इस आश्रम में श्री चंदेल एवं सांसद श्रीमती कमलेश ने वहां रहने वाले वृद्धजनों एवं बच्चों व महिलाओं से भेट किया तथा उनका हाल-चाल जाना सभी लोगों को फल व मिष्ठान का वितरण किया तथा इस आश्रम का निरीक्षण भी किया। वहां रहने वाले लोगो से आश्रम के बारे में जानकारी भी प्राप्त किया। पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल ने जन्मदिन के अवसर पर आश्रम में उपस्थितजनों के बीच केक काटकर सभी को मिष्ठान के साथ केक का भी वितरण किया। इस मौके पर आश्रम परिवार के सदस्यगण ग्राम खोखरा सरपंच श्रीमती दुर्गा अजय राठौर, मण्डल अध्यक्ष ग्राम पिसौद सरपंच धजाराम साहू, नपाप. अध्यक्ष मोहन यादव, परमेश्वर राठौर, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष भुवनेश्वर प्रसाद साहू, उपाध्यक्ष राजू कश्यप, पि.व.मो. जिला उपाध्यक्ष अमित यादव, राजाराम सिहानी, श्रीमती उमासोनी, मनहरण विजयवार, सरपंच अकाश सिंह रितेश मोनू अग्रवाल, जगदीश बंजारे, विकास श्रीवास, हेतराम बरेठ, मनीराम राठौर मनोबल जाहिरे, खुसाल कश्यप, प्रमोद कश्यप, सुमेर राठौर, बुथनाथ सूर्यवंशी, गजेन्द्र सूर्यवंशी, उमाशंकर राठौर, अमृत कश्यप जांजगीर-नैला के पार्षदगण सहित बड़ी संख्या में ग्राम खोखरा के कार्यकर्तागण एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। ग्राम खोखरा पहुंचने पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल एवं सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े का सभी लोगो ने पुष्पहार व पुष्पगुच्छ से आत्मीय स्वागत किया। तद्उपरांत श्री चंदेल सांसद कमलेश जांगड़े, प्रमिला चंदेल, पलाश चंदेल सहित सभी लोगो ने मां मनकादाई मंदिर खोखरा में जाकर मत्था टेका व क्षेत्र के सुख, शांति व समृद्धि की कामना की।



## छत्तीसगढ़ प्रदेश मानिकपुरी पनिका समाज के ब्लॉक अध्यक्ष बने अजय एवं अंजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अकलतरा ब्लॉक में छत्तीसगढ़ प्रदेश मानिकपुरी पनिका समाज के तत्वाधान में आयोजित मानिकपुरी(पनिका) समाज का ब्लॉक स्तरीय चुनाव मुख्य निर्वाचन अधिकारी अमर दास महंत, सह निर्वाचन अधिकारी सुनीता महंत, किशोर दास और मुरारी दास की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस चुनाव में कुल 430 वोट डाले गए जिसमें अध्यक्ष (पुरुष) पद पर अजय दास ने 218 वोट प्राप्त हुआ एवं उनके प्रतिद्वंद्वी शशीदास को 192 वोट मिला इस प्रकार अजय दास 26 वोटों से विजयी रहे।

ब्लॉक अध्यक्ष (महिला) पद पर अंजली महंत को 208 वोट हासिल हुई और उनके प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशी गंगाबाई महंत को 192 वोट मिला। अंजली महंत 16 वोटों से विजयी रही वहीं उपाध्यक्ष (पुरुष) पद पर छत्तूदास को 213 वोट प्राप्त हुआ और उनके प्रतिद्वंद्वी गनपत दास को 193 वोट प्राप्त हुआ। छत्तूदास ने 20 वोटों से जीत दर्ज की। सामाजिक चुनाव में भीषण गर्मी के बीच लोकतांत्रिक जागरूकता और भागीदारी की एक मजबूत मिसाल पेश की। तेज धूप और असहज मौसम के बावजूद बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष मतदान केंद्र तक पहुंचे। महिलाओं की उल्लेखनीय उपस्थिति ने समाज में बढ़ती जागरूकता



वोट डालने कतार में खड़े समाज के लोग।

और सहभागिता का सशक्त संदेश दिया। चुनाव में महिला कोषाध्यक श्रीमती दीपिका महंत , उप कोषाध्यक्ष श्रीमती सहोदर दास,सचिव श्रीमती श्वेता बाई, उपसचिव श्रीमती कविता मानिकपुरी, उपाध्यक्ष कु दीपिका मानिकपुरी , पुरुष पदा धिकारी में सचिव सतीश दास मानिकपुरी, उपसचिव संजय के मानिकपुरी, कोषाध्यक्ष शैलेश दास मानिकपुरी, उप कोषाध्यक्ष आकाश दास का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। इस अवसर पर टी.के. महंत, किरण मानिकपुरी, सतीश मानिकपुरी, जयदास मानिकपुरी, संतोष दास, दीपिका मानिकपुरी सहित समाज के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### कोटमी सोनार में संत प्रमुखों का आगमन दिवंगत उदसिया देवी को दी श्रद्धांजलि

**अकलतरा।** अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व भाजपा प्रत्याशी दिनेश सिंह के निवास स्थान ग्राम कोटमी सोनार में विभिन्न संत प्रमुखों का आगमन हुआ। इस दौरान संतों ने दिनेश सिंह की दिवंगत माता स्व. श्रीमती उदसिया देवी ठाकुर के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। संत में प्रमुख रूप से महंत रामरूप दास महात्यागी (मदकुद्वीप), प्रदेश अध्यक्ष, अखिल भारतीय संत समिति छत्तीसगढ़ रायपुर, महंत राधेश्याम दास, श्रीराम जानकी मंदिर सेतगंगा (जिला मुंगेली), प्रदेश महामंत्री महंत नरेंद्र दास, राष्ट्रीय महामंत्री निर्मोही अखाड़ा एवं राष्ट्रीय मंत्री; महंत लखन दास, सिद्ध हनुमान मंदिर मेहंदी, प्रदेश कोषाध्यक्ष तथा महंत सर्वेश्वर दास, राष्ट्रीय सहसंगठन मंत्री, अखिल भारतीय संत समिति उपस्थित रहे। संतों ने शोक संतप्त परिवार से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



